वैभव श्रीवास्तव, भा०प्र०से०
जिलाधिकारी, सारण, छपरा

सारण समाहरणालय, छपरा
(जिला सामान्य शाखा)

Vaibhava Srivastva, I.A.S
District Magistrate,
Saran, Chapra

E-mail:- dm-saran.bih@nic.in, Phone 06152-240001 (Office) 06152-240002 & 240005 (Residence)

## आदेश

प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 15 अगस्त 2026 को ''स्वतंत्रता दिवस'' समारोह के अवसर पर निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार झंडोतोलन कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

| | | |
|---|---|---|
| (i) | 8:30 बजे पूर्वाह्न :- | जिला पदाधिकारी, सारण के द्वारा जिला गोपनीय शाखा, छपरा में झंडोत्तोलन। |
| (ii) | 8:45 बजे पूर्वाह्न :- | पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण सारण का राजेन्द्र स्टेडियम में आगमन। |
| (iii) | 8:48 बजे पूर्वाह्न :- | वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण का राजेन्द्र स्टेडियम में आगमन। |
| (iv) | 8:50 बजे पूर्वाह्न :- | समाहर्त्ता, सारण का राजेन्द्र स्टेडियम में आगमन। |
| (v) | 8:52 बजे पूर्वाह्न :- | पुलिस उप महानिरीक्षक, सारण क्षेत्र, छपरा का राजेन्द स्टेडियम में आगमन। |
| (vi) | 8:55 बजे पूर्वाह्न :- | आयुक्त, सारण प्रमंडल का राजेन्द्र स्टेडियम में आगमन। |
| (vii) | 9:00 बजे पूर्वाह्न :- | प्रभारी मंत्री, बिहार सरकार का राजेन्द्र स्टेडियम में आगमन। |
| (viii) | 9:03 बजे पूर्वाह्न :- | परेड निरीक्षण। |
| (ix) | 9:06 बजे पूर्वाह्न :- | राष्ट्रगीत। |
| (x) | 9:10 बजे पूर्वाह्न :- | राजेन्द्र स्टेडियम में झंडोत्तोलन। |
| (xi) | 9:11 बजे पूर्वाह्न :- | राष्ट्रगान। |
| (xii) | 9:25 बजे पूर्वाह्न :- | समीक्षा क्रम में परेड का आगे संचालन। |
| (xiii) | 9:30 बजे पूर्वाह्न :- | संबोधन। |
| (xiv) | 9:35 बजे पूर्वाह्न :- | उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी/ कर्मी को सम्मानित करना। |
| (xv) | 9:50 बजे पूर्वाह्न :- | राष्ट्रगीत। |
| (xvi) | 9:53 बजे पूर्वाह्न् :- | राष्ट्रगान। |
| (xvii) | 9:54 बजे पूर्वह्न :- | बिहार गीत। |
| (xviii) | 10:00 बजे पूर्वाह्न :- | परेड का विसर्जन। |

| | | |
|---|---|---|
| (xix) | 10:10 बजे पूर्वाह्न :- | आयुक्त कार्यालय भवन छपरा पर आयुक्त, सारण प्रमंडल द्वारा झंडोत्तोलन। |
| (xx) | 10:25 बजे पूर्वाह्न :- | सारण समाहरणालय भवन पर जिला पदाधिकारी, सारण द्वारा झंडोत्तोलन। |
| (xxi) | 10:40 बजे पूर्वाह्न :- | पुलिस अधीक्षक, सारण के कार्यालय भवन पर पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा झंडोत्तोलन। |
| (xxii) | 10:50 बजे पूर्वाह्न :- | जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, छपरा के कार्यालय भवन पर उप विकास आयुक्त, सारण द्वारा झंडोत्तोलन। |
| (xxiii) | 11:10 बजे पूर्वाह्न :- | छपरा पुलिस लाईन में पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा झंडोत्तोलन। |
| (xiv) | 11:35 बजे पूर्वाह्न :- | महादलित समुदाय के टोला/गाँव में संपन्न होने वाले झंडोत्तोलन कार्यक्रम में भाग लिया जाना। |

1- उक्त अवसर पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस बल एवं दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति से संबंधित संयुक्त आदेश जिला गोपनीय शाखा,सारण, छपरा द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर निर्गत किया जायेगा।

2- राजेन्द्र स्टेडियम/समाहरणालय भवन पर झंडोत्तोलन के समय बैठाने की व्यवस्था, सजावट आदि के पूर्ण प्रभार में प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा, सारण, छपरा रहेंगे, जो अपने देख-रेख में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

3- ''स्वतंत्रता दिवस'' 2026 के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल राजेन्द्र स्टेडियम छपरा के मैदान में सुव्यवस्था बनाये रखने हेतु निम्नांकित पदाधिकारियों एवं लिपिकों/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाती है, जो पूर्ण दायित्व के साथ अपने कर्त्तव्य का निर्वाहन ससमय सुनिश्चित करेंगे।

| क्र0 | पदाधिकारी का नाम | क्र0 | सहायक का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 1. | **(क) प्रेस कक्षः-**<br>(i) जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी सारण, छपरा। | 1 | (i) श्री वीरेन्द्र कुमार, प्रधान लिपिक, जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा।<br>(ii) श्री निरोज कुमार, प्रधान लिपिक जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा। |
| 2. | **(ख) महिला कक्षः-**<br>(i) श्रीमती पूजा, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई सारण, छपरा। | 2 | (i) श्री विरेन्द्र प्रसाद सिंह, लिपिक जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा।<br>(ii) श्री राजेश कुमार, लिपिक जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा। |
| 3 | **(ग) बाल कक्षः-**<br>(i) श्रीमती प्रियंका रानी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना, सारण, छपरा। | 3 | (i) श्री अमन कुमार, लिपिक जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा।<br>(ii) श्री दीपक कुमार साह, लिपिक, जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | **(घ) गणमान्य कक्षः–**<br>(i) राज्य कर संयुक्त आयुक्त, सारण अंचल–1, छपरा। | 4 | (i) श्री स्वामी नाथ भक्त, लिपिक जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, शाखा, सारण, छपरा।<br>(ii) श्री प्रणय, लिपिक जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा। |
| 5 | **(ङ.) पदाधिकारी कक्षः–**<br>(i) राज्य कर संयुक्त आयुक्त सारण अंचल–2, छपरा। | 5 | (i) श्री इमामुल हक , लिपिक जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा।<br>(ii) श्री अजित कुमार सिंह, लिपिक जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा। |
| 6 | **(च) मुख्य द्वारः–**<br>(i) जिला सहकारिता पदाधिकारी, सारण, छपरा।<br>(ii) जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा, सारण, छपरा। | 6 | (i) श्री शैलेश प्रसाद, लिपिक जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा।<br>(ii) श्री राम किशोर राम, लिपिक, जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा। |
| 7 | **(छ) द्वितीय द्वारः–**<br>(i) जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सारण छपरा।<br>(ii) जिला मत्सय पदाधिकारी, सारण, छपरा। | 7 | (i) श्री विनोद कुमार सिंह, लिपिक जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा।<br>(ii) श्री अनवर आलम, लिपिक जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा। |
| 8 | **(ज) पुरस्कार वितरण कक्षः–**<br>(i) महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सारण, छपरा।<br>(ii) श्री चन्द्रशेखर कुमार, शिक्षक, रा0प्र0म0, आर्य शिशु मंदिर, छपरा।<br>(iii) सोनम कुमारी, शिक्षिका, उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाधाकोल, मकेर सारण। मो0–7979996714<br>(iv) श्री रमेश चन्द्र, शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय पकहियाँ, परसा, सारण। मो0–6201500453 | 7 | (i) श्री रवि रंजन, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा।<br>(ii) श्री आकाश कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, सारण, छपरा। |

उपरोक्त सभी व्यवस्था के वरीय प्रभार में अपर समाहर्त्ता, सारण, छपरा रहेंगे। वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा/ आयुक्त, सारण प्रमण्डल कार्यालय भवन, छपरा/सारण समाहरणालय भवन छपरा/ पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन पर **झंडोत्तोलन की सुरक्षा** आदि के लिये आवश्यक सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण, छपरा को आदेश दिया जाता है कि आदेश में वर्णित कर्मी का स्थानान्तरण/ सेवानिवृत हो जाने की स्थिति में उनके स्थान पर अपने स्तर से व्यवस्था कर इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही संबंधित कर्मियों को अपने स्तर से पत्र का तामिला कराना सुनिश्चित करेंगे।

वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण, छपरा इस संबंध में अलग से पुलिस व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के संबंध में आदेश निर्गत करेंगे।

प्रेस कक्ष, महिला कक्ष, बाल कक्ष, गणमान्य कक्ष, पदाधिकारी कक्ष एवं पुरस्कार वितरण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी संबंधित कक्ष में चिन्हित व्यक्ति को ही बैठाना सुनिश्चित करें। संबंधित पदाधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उक्त कक्ष में चिन्हित व्यक्ति के अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्ति न बैठे। अव्यवस्था की स्थिति में इसकी सारी जवाबदेही उनकी होगी। पुरस्कार वितरण कक्ष के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी पुरस्कृत होनेवाले व्यक्तियों की सूची प्राप्त कर कतारबद्ध तरीके से बैठाना तथा उन्हें मंच पर उपस्थापित करते हुए पुरस्कृत होने के पश्चात उन्हें दूसरे निकास द्वार से निकासी कराना सुनिश्चित करेंगे

ह0/-
जिलाधिकारी,
सारण,छपरा।

ज्ञापांकः-1548/सा0,दिनांक-13.08.2026

प्रतिलिपिः- पुलिस उप महानिरीक्षक, सारण क्षेत्र, छपरा/ वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण/ आयुक्त के सचिव, सारण प्रमंडल, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- थानाध्यक्ष, नगर थाना एवं भगवान बाजार, थाना-छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- सभी संबंधित पदाधिकारी/ कर्मियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

13/08/26

जिलाधिकारी,
सारण,छपरा।